बीईसीसी-105

# कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स)
# (बी.ए.ई.सी.एच.)

## सत्रीय कार्य-2021–22

## पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–105

## मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय
अर्थशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बी.ई.सी.सी.–105 : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.सी.–105 मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत वेटेज है।

सत्रीय कार्य-I में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्यम श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य-III में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। ये प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

**आपको सत्रीय अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास निम्नलिखित समय सीमा के अंदर जमा कराना होगा।**

**1) 30 अप्रैल 2022 तक जिनका प्रवेश जुलाई 2021 सत्र में हुआ है।**

**2) 31 अक्तूबर, 2022 तक जिनका प्रवेश जनवरी 2022 सत्र में हुआ है।**

जमा कराये गये सत्रीय कार्य की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें :

1) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही हैं।

3) **प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ-साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ,

# बी.ई.सी.सी.–105 : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य


पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.–105
सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टी.एम.ए./2021–22
कुल अंक : 100

## सत्रीय कार्य 1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2x 20=40**

1. क) पूर्ण प्रतियोगी बाज़ार की दक्षता स्थिति की चर्चा कीजिए। (5)

ख) निम्नलिखित रेखाचित्र पर विचार करें, जहाँ MC, ATC, AVC, D तथा AR क्रमशः पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत सीमांत लागत, औसत कुल लागत, औसत परिवर्ती लागत, माँग तथा औसत आगम वक्र को दर्शाते हैं। इस रेखाचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : (15)




रेखाचित्र 1

(i) अल्पकाल में, इस फर्म का अधिकतम लाभ प्रदान करने वाला उत्पादन का स्तर क्या है? इस उत्पादन स्तर पर सीमांत आगम क्या होगा?

(ii) इस फर्म के लिए अल्पकाल में संतुलन के स्तर पर कुल लागत कितनी होगी?

(iii) अल्पकाल में क्या फर्म आर्थिक लाभ कमा रही है या हानि से पीड़ित हैं? कितना लाभ या हानि है? क्या फर्म को उत्पादन बंद कर देना चाहिए?

(iv) संतुलन के स्तर पर फर्म की स्थिर लागत कितनी है?

(v) इस फर्म के लिए अलाभ-हानि (break-even) कीमत कितनी है? इस फर्म के लिए उत्पादन बंद करने वाली कीमत क्या है?

(vi) यदि स्थिर लागत आगे बढ़ती है, तो इसका अल्पकाल में फर्म के अधिकतम लाभ वाले उत्पादन का क्या स्तर होगा?

2. क) एक ऐसे व्यक्ति पर विचार करें जो दो अवधियों 1 तथा 2 में रहने की कल्पना करता है। इन दोनों अवधियों में क्रमशः $Y_1$ तथा $Y_2$ उसकी आय तथा $C_1$, $C_2$ उपभोग की राशि है। बाज़ार की ब्याज़ दर $r$ है तथा उस व्यक्ति के पास अवधि 1 में ऋणदाता अथवा उधार ग्रहीता के रूप में अवसर विद्यमान हैं। रेखाचित्र की सहायता से यदि यह व्यक्ति अवधि 1 में स्वयं को ऋणदाता के रूप में चयन करता है तो ब्याज़ दर (r) में कमी के प्रभाव की चर्चा कीजिए। (10)

ख) किसी व्यक्ति के जोखिम के प्रति दृष्टिकोण के विविध रूपों की चर्चा कीजिए। उपर्युक्त रेखाचित्र का प्रयोग कर जोखिम से बचने वाले तथा जोखिम उठाने वाले व्यक्ति के बीच तुलना कीजिए। (10)

## सत्रीय कार्य-2

**निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। 3x 10=30**

3. $X$ तथा $Y$ नामक दो वस्तुओं का उपभोग करने वाले उपभोक्ता का उपयोगिता फलन है –

$$U(X, Y) = \sqrt{X} + \sqrt{Y}$$

$X$ की $P_X$ कीमत तथा $Y$ की $P_Y$ कीमत तथा आय का स्तर $M$ दिया हुआ है।

क) $X$ तथा $Y$ वस्तुओं के लिए उपभोक्ता के मार्शलियन माँग वक्रों की रचना कीजिए। (5)

ख) क्या $Y$ वस्तु सामान्य है अथवा घटिया? (3)

ग) यदि $P_X = 2$, $P_Y = 1$ तथा $M = 12$, तो उपयोगिता को अधिकतम करने वाले $X$ तथा $Y$ वस्तु के बंडल की गणना कीजिए। (2)

4. क) अतिरेक माँग फलन के विषय में वालरस के नियम बताएं तथा इसे सिद्ध करें। वालरस का नियम किस प्रकार सुनिश्चित करता है कि यदि एक को छोड़कर सभी बाज़ार संतुलन में हैं तो शेष बाज़ार भी संतुलन में होंगे। (5)

ख) ''दक्षता तथा समता (equity) दोनों अलग मुद्दे हैं।'' कल्याणकारी अर्थशास्त्र के संदर्भ में इस कथन पर चर्चा करें। (5)

5. कॉब डग्लस फलन $Q = AL^{\alpha}K^{\beta}$ पर विचार करें जहाँ उत्पाद की मात्रा ($Q$), श्रम ($L$) एवं पूँजी ($K$) फलन के रूप में दी हुई है तथा $A$, $\alpha$, $\beta$ स्थिरांक हैं। इस फलन में $A = 1$, $\alpha = \frac{2}{3}$, तथा $\beta = \frac{1}{3}$ है। मज़दूरी दर ($w$) तथा प्रति इकाई पूँजी दर ($r$) क्रमशः रु.4 तथा रु.27 है। मान लीजिए कि फर्म $Q$ की 1080 इकाई का उत्पादन करना चाहती है। इस उत्पादन के लिए साधनों की लगने वाली अनुकूलतम मात्रा कितनी होगी? साथ ही इस उत्पादन स्तर के उत्पादन हेतु न्यूनतम लागत की गणना भी करें। (10)

# सत्रीय कार्य-3

**निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।** **5x 6=30**

6. असतत् (Discrete) तथा सतत् प्रायिकता वितरण में अंतर बताइये।

7. लाभ फलन की विशेषताओं को बताइये।

8. अंतरकालिक बजट अवरोधक क्या है?

9. तटस्थ तकनीकी प्रगति से आप क्या समझते हो? इसकी श्रम सघन तकनीकी प्रगति से तुलना कीजिए।

10. अर्ध-रेखीय अधिमानों की चर्चा कीजिए।